BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI....

Date ..14/09/2024.. Page ....11.... Column ..01..

Subject ..मौलिक अधिकारों की जानकारी दी..

मौलिक अधिकारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर कानूनी देते अधिवक्ता आशुतोष शर्मा।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों विषय पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। आयोजन का नेतृत्व कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहतक के पैनल अधिवक्ता आशुतोष शर्मा ने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया कि ये संविधान में नागरिकों के समग्र विकास के लिए सुनिश्चित किए गए हैं। डॉ. सीमा ने छात्रों को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। विभाग के डीन डॉ. मनीष दलाल, डिप्टी डीन डॉ. रितु ने छात्रों को अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. राजरानी, डॉ. सोनिया, डॉ. राहुल, डॉ. हरविंदर, डॉ. विनती, आकाशदीप, मालिया, डॉ. प्रमिला, डॉ. सीमा आदि मौजूद रहे।

BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI....

Date ..11/09/2024.. Page ..11.. Column ..01..

Subject ..करियर के लिए जागरूकता जरूरी ! डॉ. नीरज..

करियर के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ. नीरज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में कैरियर गाइडेंस के विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आई.सी.एस.आई) से डॉक्टर नीरज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने वाणिज्य और प्रबंधन क्षेत्र के विद्यार्थियों को उनकी रुचियों के अनुसार करियर बनाने के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी। डॉ. नीरज ने आत्म-जागरूकता और करियर अन्वेषण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के वाणिज्य विभाग में कैरियर गाइडेंस के विषय पर बालते हुए भारतीय कंपनी सचिव संस्थान से डॉक्टर नीरज कुमार।

बताया कि करियर के सही चुनाव के लिए आत्म-जागरूकता जरूरी है, ताकि विद्यार्थी अपनी रुचियों, कौशल और क्षमताओं के अनुसार सही करियर का चयन कर सकें।

इसके साथ ही, उन्होंने विभिन्न करियर विकल्पों और उद्योग के रुझानों की समझ के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. नीरज ने प्रभावी नेंटवर्किंग और नौकरी खोज के लिए रणनीतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 15 से 20 हजार रुपये की नौकरी तो एक आम आदमी भी प्राप्त कर सकता है, लेकिन विद्यार्थियों को इससे ऊपर उठकर ऊंची सोच के साथ और दृढ़ आत्मविश्वास से मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन प्रोफेसर डॉक्टर अनिल कनवा, डिप्टी डीन डॉक्टर जसप्रीत दहिया, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर सपना बंसल, डॉ. विनीता आहूजा, डॉ. कोमल, डॉ. हेमा सिंगला, डॉ. महीपाल, डॉ. सर्वीन, डॉ. अभिषेक, डॉ. हर्षदीप और नवीन आदि मौजूद हरे।